## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 04.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड समेत देशभर में आज धूमधाम से मनाया जा रहा होली का त्योहार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।**
2. **होली को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश, राज्यभर में पर्याप्त पुलिस बल की रहेगी तैनाती।**
3. **बोकारो के सिवनडीह में टेंट हाउस में लगी भीषण आग, छह से सात गैस सिलिंडर में विस्फोट से आस–पास की पंद्रह से अधिक दुकानें आयीं चपेट में।**
4. **लोहरदगा में छह मार्च से दो दिवसीय साहित्य एवं फ़िल्म महोत्सव का आयोजन, चुनिंदा फिल्मों का होगा प्रदर्शन।**
5. **झारखंड में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ और शुष्क रहने की संभावना, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि का जताया अनुमान।**

**************************

झारखंड समेत देशभर में आज होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली आनंद और उत्सव का त्योहार है जो सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। श्रीमति मुर्मु ने कहा कि यह त्योहार समाज में प्रेम और आशा का प्रसार करता है तथा सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करता है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को होली की बधाई दी है।

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को रंगों का त्योहार होली की शुभकामनाएं दी है।

**************************

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को होली त्योहार में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। पूरे राज्य में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

इधर, रांची जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आम जनता से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की है। वहीं रांची पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून–व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं जामताड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि होली के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध को लेकर तेजी से बदल रहे हालात पर चिंता जतायी है। उन्होंने केंद्र सरकार से वहां फंसे झारखंडवासियों और अन्य भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि खाड़ी क्षेत्र में रह रहे झारखंड वासी सहित सभी भारतीय सतर्क रहें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड समेत पूरा देश अपने नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**************************

रांची की नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलखो को कल भाजपा रांची महानगर कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि मेयर रोशनी खलखो के नेतृत्व में रांची का विकास कार्य तेज होगा। वहीं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि रांची शहर को सुव्यवस्थित करने में रोशनी खलखो महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

**************************

बोकारो जिले के माराफारी थाना क्षेत्र के सिवनडीह में कल शाम एक टेंट हाउस में आग लग गयी। इस अगलगी की घटना में आस–पास की 15 से अधिक दुकानें भी आग की चपेट में आ गयीं। जानकारी के अनुसार यहां अवैध ढंग से गैस रिफिलिंग भी होता था। इस कारण कई गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आ गए।

माराफरी थाना प्रभारी आजाद खान ने बताया कि वे फ्लैग मार्च कर रहे थे, तभी उन्हें दुकान में आग लगी दिखी। घटना की जांच की जा रही है।

*************************

रांची स्थित बीआईटी मेसरा को जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय परिस्थितियों और सामाजिक–आर्थिक कारकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के अध्ययन के लिए **दो करोड़ चालीस लाख रुपये** का सरकारी अनुदान मिला है। परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ. शमामा अनवर ने कहा कि इस अध्ययन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन अध्ययन, भू–स्थानिक विज्ञान और नैदानिक मनोविज्ञान को एकीकृत कर ऐसे पूर्वानुमान उपकरण विकसित किया जायेगा जो सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे।

*************************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धनबाद इकाई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सेवानिवृत्त जमादार लालेश्वर सिंह को धनबाद के हीरापुर स्थित उनके आवासीय कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार लालेश्वर सिंह ने सेवा अवधि के दौरान ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक लगभग 15 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की। इस मामले की जांच वर्ष 2016 से चल रही थी और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की गई।

*************************

जामताड़ा पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, अपहरण जैसे पांच मामलों में शामिल छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि इन अपराधियों के पास से अपराधिक घटनाओं में प्रयुक्त तीन पिस्टल, गोलियां और दो पहिया वाहन भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है।

*************************

लोहरदगा जिला प्रशासन 6 मार्च से दो दिवसीय साहित्य एवं फ़िल्म महोत्सव शुरू कर रहा है। यह महोत्सव समाहरणालय मैदान में होगा। इस महोत्सव में कुछ चुनिंदा फिल्में दिखायी जायेंगी, जिसमें **लोहरदगा मेल** शामिल है। साहित्य महोत्सव में उपन्यासकार, स्टैंडअप कॉमेडियन, खिलाड़ी, फ़िल्म निर्देशक और विचारक अपने अनुभव साझा करेंगे। महोत्सव में विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। साथ ही गायन और नाट्य मंचन का प्रदर्शन किया जाएगा।

*************************

हजारीबाग जिले के सरिया प्रखंड क्षेत्र के हजारीबाग रोड स्टेशन पर रांची–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि अब स्थानीय लोगों को काशी–विश्वनाथ मंदिर जाने के लिए सुविधा होगी।

*************************

झारखंड में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 9 मार्च तक कहीं भी बारिश या आंधी–तूफान की संभावना नहीं है। हालांकि छह और सात मार्च को कुछ स्थानों पर दोपहर या शाम में आंशिक बादल छा सकते हैं, लेकिन इससे मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य के अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों के दौरान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है।

*************************

**और अखबारों के डिजिटल संस्करण से**

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने अपने डिजिटल संस्करण में इरान–इजरायल युद्ध से जुड़ी खबर को प्रमुखता से शामिल किया है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है–** ईरान–इजरायल युद्ध के बीच समुद्र में 37 भारतीय जहाज फंसे।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– मिडिल–ईस्ट तनाव के बीच पीएम मोदी सक्रिय, पिछले 48 घंटों में यूएई, इजराइल और सऊदी अरब समेत कई नेताओं से बात की।

**हिंदुस्तान** ने संसद की विशेषाधिकार समिति के लिए 15 सदस्य मनोनीत किए जाने की खबर को डिजिटल संस्करण के होम पेज पर जगह दी है। लिखा है– भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद होंगे समिति के अध्यक्ष।

**दैनिक जागरण** ने देशभर में होली की खुमारी की खबर को प्रमुखता दी है। लिखा है– मथुरा में लट्ठमार, काशी में भक्ति और अयोध्या में खेली जा रही संतों की होली।